# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**PERIODIC TEST 1 - (2025-26)**
**HINDI**

Class: VIII — Duration : **1.00 Hrs**
Date : 01-07-2025 — Max. Marks: **25**
Admission No.: — Roll No.:

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षणं कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 7 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

---

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्रस्वरूपम् - | भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 05 अङ्क |
| | भाग 'ख' : व्याकरण | 09 अङ्क |
| | भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 06 अङ्क |
| | भाग 'घ' : पत्र लेखन | 05 अङ्क |

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- [5]

समय बहुत मूल्यवान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि वे अपने जीवन में इसका कद्र करके और इसका महत्त्व देकर अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

(i) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?
(a) जीवन को — (b) अनुशासन को
(c) समय को — (d) खेल को

(ii) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा
(a) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया — (b) जिसने मीठी बाणी बोली
(c) जिसने समय की कद्र की — (d) जिसने समय को बर्बाद किया

(iii) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है
(a) खिलाड़ी जिसने मामूली अंतर से पदक गंवा दिया हो — (b) वह यात्री जिसकी ट्रेन छूट गई
(c) उपर्युक्त दोनों लोग — (d) इनमें कोई नहीं

(iv) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?
(a) वे स्वस्थ हो जाते हैं। — (b) वे मेधावी बन जाते हैं।
(c) वे जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं| — (d) वे लोकप्रिय हो जाते हैं।

(v) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा
(a) समय का मूल्य — (b) जीवन का लक्ष्य
(c) आलस्य — (d) अनुशासन

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.2 दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए:- [3]

(i) भाषा के नियमों की जानकारी देने वाला शास्त्र है|

(a) लिपि (b) व्याकरण (c) बोली (d) भाषा

(ii) भाषा के कितने रूप होते हैं ?

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

(iii) भाषा का क्षेत्रीय रूप जो स्थान-स्थान पर बदलता रहता है उसे क्या कहते हैं ?

(a) लिपि (b) भाषा (c) बोली (d) व्याकरण

प्रश्न.3 दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए :- [2]

(i) स्वर के कितने प्रकार हैं?

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

(ii) भाषा की सबसे छोटी इकाई है -

(a) वर्ण (b) शब्द (c) वाक्य (d) पद

प्रश्न 4 दिए गए प्रश्नों को पढ़कर उत्तर लिखिए :- [4]

(i) हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है (रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है)

(ii) इंसान और मित्र शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए |

(iii) उन्हें कहाँ जाना है? वाक्य में कौन सा सर्वनाम है?

(iv) शायद दरवाजे पर ------खड़ा है | (उचित सर्वनाम शब्द से रिक्त स्थान भरिए) |

खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.5 नीचे दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- [2]

(i) कवि किसका यशगान कर रहा है ?

(ii) धूप को किस बात का घमंड था ?

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- [4]

(i) कवि ने भारत को किन- किन कारणों से महान बताया है?

(ii) पेड़ छाया को उदार क्यों कह रहा है?

खंड घ (लेखन- कौशल)

प्रश्न.7 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद या पत्र लिखिए:- [5]

(i) पेड़ हमारे मित्र (ii) मोबाइल फ़ोन: फायदे और नुकसान

अथवा

अपने बड़े भाई को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर बधाई पत्र लिखिए |

================================ समाप्त ================================